अपना पैसा

अपनी सुरक्षा के साथ करें बचत और निवेश

इस प्रतिस्पर्द्धी दुनिया में जंहां आप पड़ोसी के खर्च की बराबरी करने के लिए उससे भी अधिक खर्च करते हैं, जब पड़ोसी के होंडा के मुकाबले अपने दरवाजे पर ऑडी लाकर खड़ी कर देते हैं, ऐसे में क्या तार्किकता के लिए कोई जगह बचती है? हमारे मन में अक्सर यह सवाल उठता है कि वित्तीय नियोजन कहां करें? क्या हम अपने जीवन के लिए योजना बनाने पर पर्याप्त समय देते हैं? सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि क्या हम इस बारे में सही समय व सही उम्र में सोचते हैं?

शलभ सक्सेना

निदेशक, एचएसबीसी ओबीसी लाइफ इंश्योरेंस

वित्तीय नियोजन क्यों जरूरी

वित्तीय नियोजन से हमारे कई उद्देश्य पूरे होते हैं। यह सभी आय वर्ग वाले लोगों के लिए उपयुक्त है और आपको बस अपने उद्देश्यों को हासिल करने हेतु उनकी प्राथमिकता का निर्धारण करना है और एक अनुशासित तरीका अपनाना है। आपने लोगों को यह कहते हुए सुना होगा 'आपको जल्द ही बचत की आदत डाल लेनी चाहिए'। हालांकि यह सही है, लेकिन आपके लिए यह जानना भी महत्वपूर्ण है कि बचत कहां करें और इसका तरीका क्या हो।

पीएसआई मॉडल करेगा मदद

पीएसआई यानि प्रोटेक्ट, सेव और इन्वेस्ट। यह बहुत आसान है, जिसका पहला मूलभूत कारक है, स्वयं की सुरक्षा अर्थात आपका वित्तीय स्रोत/प्रवाह। फिर आसान तरलता के साथ बचत करना शुरू करें और इसके साथ ही, ऐसे उपकरणों में निवेश करें जहां आपके लिए जोखिम हो (उच्च अनुमानित रिटर्न हेतु)। 'पी' यानी सुरक्षा को कवर करने के लिए जीवन बीमा चुनें (कोई ऐसी सावधि योजना चुनें जो सस्ती हो और जो अधिक बीमा राशि उपलब्ध कराये)। 'एस' यानी बचत को कवर करने के लिए मूलभूत बचत उपकरण एफडी, आरडी, म्यूचुअल फंड्स, जीवन बीमा का चुनाव करें और फिर,

'आई' यानी निवेश को कवर करने के लिए आक्रामक निवेश उपकरण म्यूचुअल फंड (इक्विटी, आक्रामक फंड विकल्प), यूलिप्स, प्राथमिक बाजार का चुनाव करें।

उम्र के आधार पर आय का बंटवारा

आपकी जीवन-अवस्था के आधार पर, आप पीएसआई के रूप में अपनी आय को बांट सकते हैं। यदि आप नौजवान हैं और आप पर कम जिम्मेदारियां हैं, तो 'पी' और 'एस' के बाद, 'आई' पर आक्रामक तरीके से जोर दें। यदि आपकी आयु 30-45 के बीच है, तो निश्चित रूप से अपने 'पी' को सुरक्षित करें व 'एस' एवं 'आई' के बीच संतुलन कायम करें। जैसे ही आप 50 की उम्र पार करते हैं, तो यह समेकन का समय होता है। इसलिए, मध्यम एप्रोच अपनाएं, ताकि जब आप सेवानिवृत्त हों तो आपके लिए धन का प्रवाह बना रहे। जब आप जीवन के चरणों में सीढ़ी-दर-सीढ़ी आगे बढ़ रहे हों, तब अपने पास पर्याप्त रूप से पैसा रखने पर जोर दें, जो आपके जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं और सेवानिवृत्ति के पश्चात वित्तीय आय प्रवाह हासिल करने के काम आयेगा।

समझदारी से मिलेगा बेहतर परिणाम

वित्तीय नियोजन एक गंभीर बात है। आपको लगातार पीएसआई के संतुलन में बदलाव करते रहना होगा। यदि आप पीएसआई मॉडल को जारी रखने के लिए विचारपूर्ण तरीके से अपनी आय का 1/3 हिस्सा निवेश करते हैं, तो इसके अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे।